हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024

14 सशिमं जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा ...



12 सूरजपुर की घटना : सरकार और पुलिस तंत्र ...





## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम अधिकारी का झांसा देकर युवक से 50 हजार की ठगी

**बालोद।** एक ओर जहां साइबर क्राइम को रोकने बालोद पुलिस युद्धस्तर पर अभियान चलाकर लोगों को ठगी से बचने और सावधानी बरतने अपील कर रही है तो वहीं दूसरी ओर साइबर क्राइम अधिकारी बनकर एक ठग ने पढ़े-लिखे युवक को अपना शिकार बना लिया और उसके खाते से करीबन 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। गुंडरदेही थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि 1 सितंबर को सुबह 10 बजे मेरे फोन पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके द्वारा अश्लील फोटो सर्च किया गया है, जिस पर सायबर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। अगर इस अपराध से बचना है तो जुर्माने के 1,10,000 रूपए भेजो। उसके बाद उसने अलग-अलग यूपीआई भेजकर युवक से कुल 49485 रूपये डलवा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चिपरा व भर्रीटोला 43 में सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**कुसुमकसा।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी के मुख्य अतिथि में डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिपरा और भर्रीटोला 43 में जिला पंचायत सदस्य निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। दोनों ग्राम पंचायत में पांच-पांच लाख रुपयों की लागत से सीसी रोड निर्माण होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी बाई भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिपरा ने की। विशिष्ट अतिथि यश राणा जनपद सदस्य, राजेश चुरेंद्र जनपद सदस्य,छतर सिंह कोमा , उदेराम सिवना,पंचगण थे। मिथलेश निरोटी ने कहा कि आप लोगों के द्वारा बरसात के दिनों में कीचड़ होने से आने जाने में हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। आप लोगों की समस्या को देखते हुए उक्त सीसी रोड जिला पंचायत सदस्य निधि से निर्माण करने के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

### शासकीय अस्पताल के लिए निःशुल्क ई रिक्शा सेवा आज से

**डौंडीलोहारा।** स्व चंपालाल सुंदर देवी भंसाली दीपचंद धन्नीदेवी भंसाली की स्मृति में 17 अक्टूबर को नगर के हृदय स्थल विवेकानंद चौक में सुबह 10.30 बजे से निशुल्क ई रिक्शा सेवा प्रारंभ की जा रही है। प्रेम भंसाली, नरेंद्र भंसाली एवं विजय भंसाली के सौजन्य से निशुल्क ई रिक्शा सेवा नगर के विवेकानंद चौक से शासकीय अस्पताल के लिए चलाई जाएगी। विदित हो कि नगर से शासकीय अस्पताल की दूरी लगभग ढाई किलोमीटर है, जिससे कई लोगों को इलाज के लिए आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निशुल्क ई रिक्शा सेवा से माता बहनों, बुजुर्गों, जरूरतमंदों व बस का सफर करने वालों को फायदा मिलेगा। भंसाली परिवार द्वारा और भी कई प्रकार की निःशुल्क सेवा जरूरतमंदों के लिए चलाई जा रही है, जिसमें आज से एक पायदान और जुड़ जाएगा।

# नई दुकानें खोले बिना बढ़ाई बिक्री, अंग्रेजी शराब दुकानों में अब देशी की भी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के मदिरा प्रेमियों को अब देशी शराब खरीदने के लिए ज्यादा दूर तक भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार ने उन्हें उनके आसपास ही यह सुविधा देने का मन बना लिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने इस पर अमल भी शुरू कर दिया है। हालांकि सरकार ने दुकानों की संख्या नहीं बढ़ाई है और न ही नई दुकानें खोली हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर संचालित केवल अंग्रेजी शराब दुकानों के साथ ही अब वहां देशी शराब बेचने की भी शुरुआत कर दी गई है। इस तरह बिना दुकानों की संख्या बढ़ाए, सरकार ने राजस्व बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक उनकी देशी शराब पहुंचाने की व्यवस्था कर दी है। शासन की इस सुविधा से शराब प्रेमियों को देशी या अंग्रेजी शराब के लिए अलग-अलग जगहों पर भटकना नहीं पड़ेगा।

बता दें कि जिले में पहले आबकारी विभाग द्वारा संचालित 11 दुकानों में ही देशी और अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही थी। लेकिन, अब शासन के आदेश के अनुसार जिले के 7 और अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी शराब की बिक्री शुरू कर दी गई है। इससे मदिरा प्रेमियों को अब देशी शराब लेने के लिए दूसरी दुकान में जाने या भटकने की जरूरत नहीं पड़ रही है और आसानी से अंग्रेजी शराब दुकानों में देशी शराब भी उपलब्ध हो जा रही है।

## पहले सिर्फ 11 दुकानों में बेची जा रही थी अंग्रेजी व देशी शराब

### करहीभदर के लोगों को नहीं करना पड़ा प्रदर्शन

शासन के नए आदेश के कारण जिले के ग्राम करहीभदर में अब अंग्रेजी शराब दुकान के साथ ही देशी शराब दुकान का संचालन शुरू हो गया है। ग्रामीण अंग्रेजी शराब के साथ देशी शराब दुकान खुलवाने के लिए कुछ माह पहले प्रदर्शन कर रहे थे, तब अंग्रेजी शराब दुकान संचालन के लिए शासन द्वारा आदेश मिला था। लेकिन, देशी शराब दुकान नहीं खुल पाया था, जिसके कारण मदिरा प्रेमी ग्रामीण मायूस थे। वहीं अब शासन के आदेश पर बिना कोई मांग व प्रदर्शन के ही करहीभदर में अब देशी शराब दुकान का संचालन हो रहा है।



### 18 दुकानों में दोनों शराब की सुविधा

जिला आबकारी अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि जिले में पहले 11 दुकानों में देशी और अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही थी, लेकिन अब शासन के आदेश पर 7 और अन्य दुकानों में भी देशी और अंग्रेजी दोनों साथ में बिक्री की जा रही है। इस तरह जिले में अब कुल 18 दुकानों में दोनों तरह की शराब की बिक्री की जा रही है।

## अपराध

### कोतवाली थाना क्षेत्र में फिर हुई चोरी की बड़ी वारदात

# न दरवाजा टूटा, न अलमारी 5 लाख के जेवर हो गए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। शहर के व्यस्ततम मार्ग सदर रोड स्थित समीर मनिहार की बैंगल्स दुकान में करीब 5 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण की चोरी हुई है। दुकान संचालक समीर ने कोतवाली थाना में शिकायत की है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सपष्ट जानकारी नहीं है कि आखिर चोरी कब हुई है, लेकिन उनके घर के एक कमरे में अलमारी से पांच लाख रुपए के आभूषण की चोरी हुई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




समीर ने बताया कि उनकी मनिहार बैंगल्स नाम से एक दुकान है, जो घर के ग्राउण्ड फ्लोर पर है। प्रथम फ्लोर में सभी परिवार निवासरत हैं। सुबह से शाम तक दुकान में ही रहते हैं। अक्सर दुकान बंद करने के बाद ही ऊपरी मंजिल पर स्थित घर जाता हूं। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर को घर के सदस्यों को बाहर जाना था, तब पैतृक गहनों को पहनने के लिए निकालने के लिए अलमारी खोली, लेकिन कोई जेवर नहीं था। उन्होंने बताया कि बहन के गले का सोने का नेकलेस, सोने का झुमका 1 जोड़ी, सोने का कंगन 1 जोड़ी एवं मेरी पत्नी एवं स्व माताजी का एक सोने का रानीहार, सोने का एक नेकलेस, सोने का 3 नग मंगलसूत्र, सोने का 1 नग नथ, सोने का 1 नग बिंदिया, सोने का 3 जोड़ी झुमका, सोने का सुईधागा 1 जोड़ी, 2 नग सोने की अंगूठी, सोने का बाला लटकन सहित लगभग 15 तोला सोने के जेवर थे। उनकी पुरानी कीमत लगभग 5,00,000 रूपये है। वह आलमारी में नहीं थे। घर के सदस्यों से पूछताछ की, पर सभी ने कोई जानकारी नहीं होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि 9 से 22 सितंबर के बीच घर से बाहर रहने के दौरान किसी ने चोरी की होगी। उन्होंने बताया कि अलमारी का कोई भी सामान अव्यवस्थित नहीं था, न ही आलमारी में कोई तोड़-फोड़ हुई है। इसलिए पहले सामान चोरी होने के संबंध में किसी को पता नहीं चला। प्रार्थी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### पुराने मामले अब तक नहीं सुलझे

कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरी की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। झलमला में एक पुलिस वाले के घर करीब पांच लाख रुपए, सिवनी में एक शिक्षिका के घर करीब 6 लाख रुपए, सुमित बाजार में करीब डेढ़ लाख रुपए के अलावा चोरी की कई अन्य छोटी-छोटी घटनाएं हुई हैं। पुलिस इन मामलों को अब तक सुलझा नहीं पाई है, वहीं दूसरी ओर चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### दीपावली नजदीक, और बढ़ सकती हैं ऐसी घटनाएं

दीपावली पर्व नजदीक आते ही बाहरी लोगों का जिले में आना जाना बढ़ जाता है। लोगों के घरों में सफाई से लेकर कबाड़ खरीदने, कम दामों में नए सामान उपलब्ध कराने, सोने चांदी के आभूषणों की चमक बढ़ाने सहित कई तरह के बहाने बनाकर ठगी को अंजाम देने वालों की संख्या बढ़ जाती है। इस साल भी ऐसे लोगों की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में इनसे सावधानी बरतने की जरूरत है।

# सहकारी समिति कर्मचारियों ने दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों के समर्थन में 18 अक्टूबर से चरणबद्व आंदोलन की घोषणा की है। वहीं, 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा कर धान खरीदी की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। कर्मचारियों की हड़ताल की घोषणा से सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किस तरह की जाएगी, इस पर प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने की घोशणा की है।

- सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर मंडरा रहा संशय

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में मांग की गई है कि मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर छ.ग सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं लाभ देने हेतु प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को 3–3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान ▶▶| शेष पेज 13 पर

### इस तरह बनाई गई है रणनीति

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कि कर्मचारी 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक काली पट्टी लगाकर अपने समितियो में कार्य करेंगे। 21 अक्टूबर एवं 22 अक्टूबर को 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर 22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री, सहकारिता मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद लंबित 3 सूत्रीय मांगों पर नारे लगाएंगे। उसके बाद भी 3 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो 4 नवंबर से मांगों की पूर्ति तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रदेशस्तर पर किया जाएगा।

# शाला भवन की मरम्मत में खर्च हो गए 13 लाख, सीपेज की समस्या बरकरार

## गुण्डरदेही विकासखण्ड की प्राथमिक शाला चिचलगोंदी का मामला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल जतन योजना से 13 लाख रूपये खर्च करने के बाद भी स्कूल का जतन नहीं हो सका। बरसात में शिक्षकों व बच्चों को टपकते छत के सिलन भरे कमरों के बीच पढ़ाई करनी पड़ी। निर्माणकर्ता विभाग को कहने के बाद भी मात्र आश्वासन ही मिला।

मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्राथमिक शाला चिचलगोंदी का है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 13.30 लाख की लागत से शाला का जीर्णोद्धार एवं शौचालय का कार्य स्वीकृत हुआ था।कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया है। सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य 21 जुलाई 2023 को पूर्ण हो जाना चाहिए था, लेकिन कब पूर्ण हुआ यह नहीं पता, क्योंकि इसका उल्लेख ही नहीं है। शिक्षकों के अनुसार बारिश के पहले ही इसी साल कार्य हुआ है।

### अभी से उखड़ने व टूटने लगे टाइल्स

कार्य के दौरान जिन भवनों की छतों की मरम्मत की गई है, लेकिन उसमें अभी भी सीपेज की समस्या है। कार्य के दौरान लगाई गई टाईल्स टूटने व उखड़ने लगी है। शाला जीर्णोद्धार की राशि से शाला मैदान में पेंवर ब्लाक का कार्य कराया गया है, अर्थात शाला भवन के लिए जितनी राशि की आवश्यकता थी उससे अधिक स्वीकृत होने से राशि का दुरूपयोग करते हुए मैदान मे पेवर ब्लाक कार्य कराया गया।

### इंजीनियर को बताई थी समस्या

प्रधान पाठक टोमेश कुमार साहू ने कहा कि जिन भवनों की मरम्मत की गई थी, उसमें बारिश के समय सीपेज आया। मैंने इंजीनियर को इसकी सूचना दी थी। इंजीनियर शाला में आकर निरीक्षण कर ठेकेदार को पुनः ठीक से कार्य करवाने की बात कहकर चले गए, फिर लौटकर नहीं आए। कार्य नहीं हुआ।

### सीपेज की कोई शिकायत नहीं है, बड़े अधिकारी कर चुके निरीक्षण

अनुविभागीय अधिकारी आरईएस गुण्डरदेही घनश्याम सिन्हा ने दावा किया कि हमारे विकासखण्ड में कहीं भी सिपेज की शिकायत नहीं है। चिचलगोंदी शाला भवन में भी सीपेज की जानकारी नहीं है। ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है। कार्यों का निरीक्षण बड़े अधिकारी कर चुके हैं। शाला के मैदान में पेंवर ब्लाक के कार्य डाईस कोड में है, इसलिए कराया गया है। पेंवर ब्लाक का कार्य कलेक्टर के निर्देश पर कराया गया है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### डौंडीलोहारा नपं में विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ स्वीकृत

**डौंडीलोहारा।** नगरीय प्रशासन अरुण साव द्वारा नगर पंचायत डौंडीलोहारा के लिए घोषणा के परिपालन में प्रेसिडेंट इन काउंसिल द्वारा प्रस्तावित नगर के समस्त वार्डों के मूलभूत सुविधा जैसे पानी,बिजली, सामाजिक भवन, सीसी रोड, नाली, यात्री प्रतीक्षालय,बोर खनन के लिए डेढ़ करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव को लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, विद्या शर्मा उपाध्यक्ष, सभापति अनीता साहू, ममता शर्मा, अशोक चनाप व झुमुक लाल कोसमा ने आभार जताया है।



लोकेश्वरी साहू ने बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 1,4,7,10,11और 12 में सामाजिक सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 11, 12,15 और अंडी चौक में नागरिक यात्री प्रतीक्षालय, वार्ड क्रमांक 6 में कंपलीट सेटअप पाइपलाइन एवं ट्यूबवेल टैंक स्थापना कार्य किया गया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर






## खबर संक्षेप

### डीन, सुपरिटेंडेंट से मिले सामाजिक प्रतिनिधि

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में व्याप्त कमियों को लेकर सामाजिक मुखिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन विवेक चौधरी तथा हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर से मुलाकात की और नवीन पदस्थापना को लेकर बधाई देकर स्वागत किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने अस्पताल में व्याप्त कमियों की विस्तार से जानकारी दी और इन्हें दूर करने का आग्रह किया। दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी विभाग के समीक्षा कर अतिशीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### रमेश पंवार क्षत्रिय समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर।** डॉ. रमेश राहंगडाले पंवार क्षत्रिय समाज संगठन के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। समाज की त्रिवार्षिक (2024-27) नई कार्यकारिणी के लिए 10 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त की गई। इसके बाद मतदान अधिकारी ने डॉ. रमेश राहंगडाले को अध्यक्ष, देवलाल पारधी उपाध्यक्ष, प्रमोद पटले सचिव, उदय बिसेन कोषाध्यक्ष, गोपीचंद राहंगडाले को सदस्य निर्वाचित घोषित किया।

### 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ में वेब सीरीज की शूटिंग शुरू

**रायपुर।** मायानगरी के फिल्म निर्देशकों को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ का पर्यटन फिल्मों की शूटिंग के लिए लुभाने लगा है। लगभग 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में फिल्मों की शूटिंग शुरू हुई है। पंचायत व कोटा फैक्टरी व गुल्लक जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा अपनी नई फिल्म ग्राम चिकित्सालय की वेब सीरीज की शूटिंग राजनांदगांव के गोटिया जिला में शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में भी पंचायत फिल्म की तरह ही गांव में चिकित्सालय और डॉक्टर के जीवन को दिखाया गया है। जानकारी मुताबिक फिल्म की ज्यादातर शूटिंग छत्तीसगढ़ में की जा रही है। संस्कृति विभाग के मुताबिक इस वेब सीरीज में भी पंचायत फिल्म के चर्चित कलाकार जितेंद्र कुमार के साथ अन्य कलाकारों के भी फिल्म में शामिल होने की खबर है।

## पेज 11 के शेष

### सहकारी समिति ...

राशि देने शीघ्र आदेशित किया जाए। सेवानियम 2018 की आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षण वेतनमान लागू की जाएं। समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023–24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सूखत मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सूखत मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासंगिक व सुरक्षा व्यय एवं कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता, फसल बीमा आदि को 4 गुणा बढ़ोत्तरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षतिपूर्ति/5000 रूपये दी जाए।

### डौंडीलोहारा नपं में ...

इसके तहत वार्ड क्रमांक 2 ,3 ,4 ,8 में पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य,वार्ड क्रमांक 3,4,8,9 में बोर खनन एवं पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य वार्ड क्रमांक 2 ,5 ,11 सामाजिक भवन एवं स्कूल में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक 6,9,11,12,14,15 में स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य,वार्ड क्रमांक 6 मे सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापना कार्य, वार्ड क्रमांक 10,12 मे सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

## निधन

### पुनित राम चन्द्राकर



**अंडा।** इतवारी बाजार चौक अंडा निवासी पुनित राम चन्द्राकर उम्र 75 वर्ष का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। वे मनोज चन्द्राकर के पिता जी थे।

## निरीक्षण

# अड़जाल पहुँचे कलेक्टर, कोदो उत्पादन कार्य का लिया जायजा

### कोदो की फसल लेने वाले किसानों से की मुलाकात, की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अड़जाल पहुँचकर वहाँ के किसानों द्वारा किए जा रहे कोदो उत्पादन के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से प्रति एकड़ कोदो की कुल उत्पादन एवं इनकी बिक्री से होने वाले लाभ आदि के संबंध में जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि ग्राम अड़जाल के किसानों के द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से कुल 32 एकड़ भूमि पर कोदो फसल की खेती की जा रही है। कृषि विभाग के द्वारा किसानों को कोदो फसल के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'बीज ग्राम' योजना के अंतर्गत कुल 10 हेक्टेयर कोदो उत्पादन के लिए 50 प्रतिशत उत्पादन अनुदान में कोदो फसल की बीज तथा खाद एवं कीटनाशक दवाइयां उपलब्ध कराई गई है।

इसी तरह राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कुल 10 हेक्टेयर भूमि में कोदो उत्पादन के लिए प्रति हेक्टेयर 06 हजार रुपये का अनुदान में खाद, बीज, दवाइयां आदि उपलब्ध कराई गई हैं। मौके पर



उपस्थित किसानों ने बताया कि ग्राम अड़जाल में वर्ष 2023 से कोदो फसल की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोदो फसल की खरीदी वन विभाग के सहयोग से गांव के महिला स्वसहायता समूह के द्वारा की जाती है। मौके पर उपस्थित महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर चन्द्रवाल ने कोदो फसल की खरीदी हेतु भवन उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर ने सुचारू रूप से कोदो फसल की खरीदी हेतु न्यूनतम दर पर उपयुक्त भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मौके पर उपस्थित किसानों के द्वारा कलेक्टर चन्द्रवाल को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कोदो फसल के औषधिय गुणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों ने बताया कि कोदो शुगर फ्री होने के कारण इसका खाना शुगर के मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। इसके अलावा कोदो बीपी, कैंसर आदि के मरीजों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके साथ ही गमएँ के मौसम में कोदो का उपयोग सूप बनाने के लिए भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोदो का सूप शरीर को ठंडकता प्रदान करने के साथ ही इसमें प्रचुर मात्र में पोषक तत्व भी पाए जाते है।

### कोदो का उत्पादन बढ़ाने के लिए करें जरूरी उपाय

कलेक्टर चन्द्रवाल ने कोदो की फसल को अत्यंत लाभकारी बताते हुए किसानों को अधिक से अधिक कोदो फसल का उत्पादन करने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को कोदो फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कृषक उपस्थित थे।

# दिवाली, छठ व क्रिसमस पर केवल दो घंटे ही चलेंगे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दिवाली, छठ और क्रिसमस पर्व पर इस बार केवल दो घंटे की पटाखे फोड़े जा सकेंगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल प्रिंसिपल बेंच नई दिल्ली ने यह समय तय किया है। साथ ही यह भी आदेश है कि केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री होगी। हालांकि यह आदेश पिछले साल भी एनजीटी ने जारी किया था। लेकिन उसका पालन स्थानीय प्रशासन करवाने में नाकाम रहा। लोगों ने देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े।

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है।

एनजीटी का आदेश है कि कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाना है। केवल उन्ही पटाखों के उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा




जिससे ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाये। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, अर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है इनके लाईसेन्स रदद करने की कार्यवाही को सुनिश्चित की जायेगी।

आनलाईन अथवा ई-व्यापारिक वेबसाईट जैसे-फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि के द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा मंगाना या बेचना आदेश का उल्लंघन माना जायेगा। आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा शासन के निर्देशो का परिपालन करने के लिए नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है। नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है।

# राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

### कलेक्टर चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय डौण्डी का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने डौण्डी प्रवास के दौरान तहसील कार्यालय डौण्डी का औचक निरीक्षण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय के विभिन्न कक्षों में पहुँचकर अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्य तथा वहाँ की व्यवस्थाओं का मुआयना किया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने तहसीलदार न्यायालय में पहुँचकर वहाँ उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों की राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी–कर्मचारियों से राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार न्यायालय के कुल प्रकरण तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी ली तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रगति रिपोर्ट का भी अवलोकन किया।

चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय के राजस्व निरीक्षक कक्ष में पहुँचकर वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों से गिरदावरी एवं फसल कटाई के प्रयोग के कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र में पहुँचकर वहाँ ऑपरेटर से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले कुल आवेदन तथा आवेदकों से ली जाने वाली शुल्क के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ऑनलाईन पद्धति से ली जाने वाली आवेदन एवं शुल्क का भी अवलोकन किया। श्री चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय के पटवारी कक्ष में पहुँचकर वहाँ उपस्थित पटवारियों द्वारा किए जा रहे रिकार्ड दूरस्तीकरण के कार्यो का भी अवलोकन किया।

### 10 साल से एक ही जगह जमे पटवारियों की ली जानकारी

इस मौके पर उन्होंने तहसील कार्यालय के कानूनगो एवं अन्य शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कानूनगो शाखा में उपस्थित लिपिक से डौण्डी तहसील के अंतर्गत एक हल्के से अधिक प्रभार वाले पटवारियों तथा एक स्थान पर दस वर्ष से अधिक समय तक पटवारियों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने तहसील कार्यालय में उपस्थित आम नागरिकों से चर्चा कर उनके समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके समस्याओं के निराकरण के लिए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## पड़ने लगी ओस......



**बालोद।** बीते दो दिनों से सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है। वहीं, ओस की बूंदें भी काफी ज्यादा देखने को मिल रही हैं। लेकिन इनके अनुरूप ठंड का एहसास नहीं हो रहा है। शरद पूर्णिमा के बाद अब आने वाले दिनों में ठंड धीरे–धीरे बढ़ते क्रम पर रहेगी।




# बाबा को चढ़ाए मिट्टी व सीमेंट से बने घोड़े

### ग्राम डेंगरापार व घीना के पास स्थित हरदेवलाल बाबा मंदिर में लगा देव मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले का एक ऐसा मंदिर जहां मन्नत पूरी होने पर बाबा को मिट्टी और सीमेंट से बने घोड़े चढ़ाए जाते हैं। दशहरा पर्व के बाद प्रथम मंगलवार को आयोजित देव मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण मन्नत पूरी होने पर बाबा को सैकड़ों की संख्या में उनकी सवारी घोड़ा और हाथी चढ़ाया। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर ग्राम डेंगरापार व घीना के पास में हरदेवलाल बाबा मंदिर स्थित है, जहां मान्यता है कि निःसंतान दंपत्ति को संतान सुख की प्राप्ति सहित बाबा से मांगी गई भक्तों की हर मुराद पूरी होती है। इसी उम्मीद के साथ हजारों भक्त हर साल अपनी छोटी बड़ी समस्या को लेकर बाबा के दरबार में माथा टेक मन्नत मांगने पहुँचते हैं। जहां वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार बाबा से मांगी गई मुरादें पूरी होने पर श्रद्धालु साल में एक दिन सीमेंट या मिट्टी से बने घोड़े और हाथी बाबा को समर्पित करते हैं।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष नवरात्र दशहरे के बाद प्रथम मंगलवार को हरदेवलाल बाबा के दरबार मे विशाल देव दशहरा मेला संपन्न हुआ, जहां बाबा के दरबार में मांगी गई मुरादें पूरी होने वाले और मन्नतें लेकर आए भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर बाबा को उनकी सवारी मिट्टी और सीमेंट से बने घोड़े, हाथी समर्पित किया गया, इस वर्ष 500 से अधिक प्रतिमा बाबा को भेंट किया गया।

### आस्था और विश्वास से 6 साल से चढ़ा रहे हैं घोड़ा

रायपुर जिले के ग्राम परसदा निवासी श्रद्धालु तिलक निषाद ने बताया कि पिछले चार साल से वह प्रत्येक वर्ष मिट्टी के बने घोड़ा चढ़ाने के लिए हरदेव लाल बाबा के मंदिर आता है। क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के रूप में हरदेव लाल बाबा को घोड़ा अर्पित करने की परम्परा वर्षो पुरानी है, जो पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है, जहाँ पिछले छः वर्षों से मेरे द्वारा भी बाबा को घोड़ा चढ़ाया जाता है, जिस पर मुझे आस्था और विश्वास है।












विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### त्रुटिरहित ढंग से करें मतदाता सूची का निर्माण : पाटले

**बालोद।** जिले के नगरीय निकाय तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण के लिए नियुक्त रोल आब्जर्वर विजय सिंह पाटले ने 15 अक्टूबर को जिले के विभिन्न स्थानों में पहुँचकर मतदाता सूची की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस कार्य में लगे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक लेकर त्रुटिरहित ढंग से मतदाता सूची का निर्माण करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा बंसल सहित जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित थे।

### लोगों को आत्मसम्मान से जीवन जीने की सीखा रहे

**बालोद/निकुम।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक एमई राय लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंकिंग से जोड़कर कई लोगों के जीवन में जीवन जीने की आशा की किरण जगाकर स्वरोजगार कर आत्मसम्मान से जीवन जीने की कला सीखा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रामीणों, मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंक से मिलने वाली सुविधा लाभ की जानकारी देकर बेहतर पहल की। निकुम, जामगांव, चन्द्रखुरी, पिनकापार से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर काम किया।



### स्वाध्यायी छात्र 30 तक भर सकते हैं आवेदन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के अंतर्गत कक्षा दसवीं व बारहवीं में स्वाध्यायी/प्राइवेट के रूप में मार्च 2025 परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, इस बार आवेदन के लिए छात्रों को विशेष विलंब शुल्क 1540 रूपए भी देना होगा । निर्धारित तारीख समाप्त होने के बाद फिर से आवेदन का अवसर नहीं दिया जाएगा। डौंडीलोहारा विकासखंड के समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी विद्यालय समय पर आकर आवश्यक दस्तावेज के साथ परीक्षा प्रभारी लवण साहू से संपर्क कर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन मोड में भर सकते हैं।

### युवक पर कटर से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** आधी रात युवक पर कटर से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बीती रात पांच रास्ता में राजेन्द्र अपने घर के पास बैठा था। उसी समय दिलीप टंडन और गुड्डू नामक युवक पहुंचे और मारपीट करने लगे। दोनों ने कटर से राजेन्द्र पर हमला कर फरार हो गए।

# दल्लीराजहरा के 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस्पात नगरी दल्लीराजहरा के कोंडे पावर हाउस वार्ड नंबर 15 में संचालित 100 बिस्तर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं कक्षों में पहुँचकर अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं अस्पताल की व्यवस्था का मुआयना किया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित अस्पताल अधीक्षक डॉ. पीएल मेरिया से अस्पताल में पदस्थ कुल डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टाफ की संख्या के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को अस्पताल के समीप कोंडे पावर हाउस में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को अस्पताल तक वृद्धि करने के निर्देश दिए, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं आम लोगों के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, लैब, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को अस्पताल में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अस्पताल प्रबंधन की मांग पर लेबर रूम से लगे ऑपरेशन थियेटर को सेपरेट करने तथा वहाँ की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्माण कार्य करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया।

## अस्पताल में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

### मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी

कलेक्टर चन्द्रवाल ने अस्पताल अधीक्षक से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या एवं उनके लिए उलपब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल कोंडे पावर हाउस के 100 बिस्तर वाले अस्पताल के व्यवस्था को बेहतर बनाने के संबंध में बीएसपी अस्पताल में राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग तथा बीएसपी प्रबंधन अधिकारियों को तलब कर आवश्यक चर्चा की। उन्होंने राजस्व विभाग एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों को आपसी समन्वय से 100 बिस्तर वाले अस्पताल तक सड़क निर्माण तथा अन्य जरूरी निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।



## त्रिस्तरीय पंचायतों व नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन की तैयारियां तेज

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति 23 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए फोटो युक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को कर दिया गया है। 23 अक्टूबर तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता लेकर निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिकाओं आम निर्वाचन 2024–25 संपन्न कराने के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रेसवर्ता में संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने बताया कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया है। 23 अक्टूबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावली में दावा आपत्ति ली जाएगी।

पंचायत निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन गुरुवार 24 अक्टूबर को किया जाएगा एवं 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावली में दावा–आपत्ति लिया जाएगा।

अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 की तिथि में दावा–आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। दावा एवं आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु नगरीय निकाय क्षेत्रें में वार्ड में स्थित मतदान केन्द्र एवं ग्राम पंचायत में उपरोक्त दिवसों में कार्यालयीन समय तक नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिये जाएंगे।



### किस काम के लिए कौन सा फार्म लगेगा

पूजा बसंल ने बताया कि निर्वाचक अपना नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने हेतु प्ररूप–क, त्रुटि सुधार हेतु प्ररूप–ख एवं निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित करने हेतु प्ररूप–ग में दावा आपत्ति कर सकते हैं। निर्वाचक अपना नाम सही एवं संबंधित वार्ड मतदान केन्द्र पर है, यदि नहीं है तो निर्वाचक नामावलियों में नाम जोड़ने की प्रक्रिया एवं प्रविष्टि त्रुटि होने पर निर्वाचक नामावली में संशोधन किये जाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**वांचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 व 29 को:** संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने बताया कि जिले में नगरीय निकाय का निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर एवं पंचायत के निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर को किया जाएगा। निर्वाचक नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बने इसके लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया सरलता से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार–प्रसार की योजना बनायी गई है। जिसे 'जागो वोटर' (जाबो) नाम दिया गया है।

# अचौद में बिखरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शरद पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम अचौद में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति आदिवासी नृत्य, सुवा नृत्य, देवार गीत, जसगीत, फागगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत कोंडागांव से आए मांदरी आदिवासी नृत्य से हुई जिसमे कलाकारों ने आदिवासी वेशभूषा में पूरे गांव की गलियों में नृत्य करते हुए भ्रमण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। गाड़ाडीह दुर्ग से आए कलाकार नंदकुमार देवार ने सतवंतीन केंवटीन की लोकगाथा सुनाकर सबका मन मोह लिया। बलौदाबाजार से आए सुआ नृत्य कही देबे संदेश की लड़कियों ने मंच में समा बांधे रखा। बेरला से आए भारत दर्शन जस झांकी परिवार ने पूरे दर्शक दीर्घा को भक्तिमय कर दिया। अर्जुनी झिटिया से आए श्रीराम कृपा मानस परिवार ने राम नाम की गंगा बहाकर सबको भाव विभोर कर दिया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया की प्रस्तुति रात भर चलती रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल रहे, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू ने की। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य दीपक साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भोजराम साहू, उत्तरा चंद्राकर, सरपंच अचौद रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच कुथरेल प्राण साहू, बसंत चंद्राकर, हेमंत साहू उपस्थित थे। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा की ग्राम अचौद के युवाओं ने लोककला महोत्सव का आयोजन कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया है और इसी प्रकार के आयोजन कर युवाओं को अपने संस्कृति को बचाने और सहेजने का प्रयास करते रहना चाहिए।

# सशिमं जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव






हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शरद पूर्णिमा उत्सव समारोह का आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में भारतीय संस्कृति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक मंचन में गायन और नृत्य का मन भावन ताल मेल मंत्र मुग्ध करती रही।

विदित हो कि विद्यालय में रिकार्डिंग डांस वर्जित है। समिति सदस्य डा गुलाब साहू वादन में सहयोग कर प्रभावी मार्गदर्शन देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच तक पहुंचाते हैं। समारोह अतिथि मंच मानस मर्मज्ञ डा गुलाब साहू, समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सेवानिवृत पशु चिकित्सक डॉ केएस देवांगन, पालक जमुना सोनवानी प्राचार्य पीएल बारले, व्यवस्था धनेश्वरी साहू आसीन रहे। कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, बिलासपुरकोनी, खंडवा खेल बौद्धिक के होनहार विधार्थियों का सम्मान किया गया। संचालन व्यवस्था प्रधानाचार्य दिव्या चंद्राकर और आभार व्यवस्थापक एके जैन ने किया। खीर प्रसाद ग्रहण उपस्थित सैकड़ों लोगों ने किया। मानस मर्मज्ञ डॉ गुलाब साहू ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा जीवन दायनी है, संस्कारित शिक्षा से संसार सागर को मथने से अमृत पान का होना तय मानिए। माता पिता और गुरु अमृत पान कराने में महती भूमिका निभाते हैं। अतिथि जमुना सोनवानी ने कहा कि संतान को धन दें या ना दे सकें लेकिन संस्कार युक्त शिक्षा अवश्य दिलाएं जीवन के अंतिम पड़ाव में पछताने की नौबत नहीं आएगी। अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़कर निकल चुके अनेक बच्चे अच्छे खासे पैकेज में काम कर रहे हैं। माता पिता का सरवन कुमार सा संतान बनकर इतिहास रच रहे है। जो इस विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## छाने लगा कोहरा...



**लाटाबोड़।** पिछले एक-दो दिन सुबह के समय कोहरा देखा जा रहा है। मंगलवार और बुधवार की सुबह अंचल में घना कोहरा छाया रहा। इससे एक ओर जहां खेतों और तालाबों की ओर मौसम बड़ा सुहाना लग रहा था, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरा बहुत ज्यादा घना होने के कारण पास की वस्तुएं भी साफ नहीं दिख रही थीं। इसके कारण वाहन चालकों को अपने वाहनों की हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। यह नजारा भोईनापार से खपरी बाईपास मार्ग पर देखा गया। सुबह करीब 7:30 बजे तक कोहरे का असर बना रहा। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ होने लगा और तेज धूप निकल आई। बता दें कि इन दिनों जहां अल सुबह घना कोहरा छाया रहता है, वहीं दूसरी ओर सूरज निकलने के साथ ही दिन के समय तापमान में वृद्धि होने लगती है। इससे उमसभरी गर्मी के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। पिछले दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बड़गांव निवासी योगेश ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बड़गांव निवासी योगेश चतुर्वेदी एवं कविता चतुर्वेदी ने अपनी बेटी दीक्षा चतुर्वेदी कक्षा पाँचवी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए न्योता भोज करवाया। शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव के संस्था प्रमुख पुणेश सोनबरसा ने कहा कि आजकल हम अपने बच्चों के जन्मदिन पर बहुत सारे पैसे व्यर्थ में खर्च कर देते हैं, किंतु इस योजना के तहत हम कम पैसे में ही सारे स्कूल के बच्चों को सामूहिक भोज करवा सकते हैं और पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। कमलकांत साहू ने कहा कि यह हम सभी के लिए अच्छा अवसर है। स्वेच्छा से कोई भी अपने ख़ुशी के पल को सामूहिक रूप से न्योता भोज करवा कर पुण्य के भागी बन सकते हैं। इससे बच्चों को भी पौष्टिक भोजन मिल जाता है। इस अवसर पर सभी स्टॉफ, प्रधान पाठिका पुनेस सोनबरसा, शिक्षक टिकेंद्र रामटेके, कमलकांत साहू शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तिलोचन राम, सदस्य कविता चतुर्वेदी सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।



### बोइरहीह में दशहरा कार्यक्रम आज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बोइरडीह (जेवरतला) में दशहरा का पर्व 17 अक्टूबर दिन गुरुवार को महर्षि बाल्मिकी जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया है। इस दशहरा के पावन पर्व पर रामलीला का जीवंत झांकी, लंका दहन, रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्रामीणजनों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए रात्रि में जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम जीर्राटोला (गोपलीनचुवा) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम प्रमुख श्रीराम चुरेंद्र ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज


## शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 46 मिनट से शाम 7 बजकर 02 मिनट तक

# करवा चौथ 20 को, तैयारियां शुरू, दुकानें सजीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महज तीन दिनों बाद करवा चौथ का पर्व 20 अक्टूबर को यानी रविवार को मनाया जाएगा। करवा चौथ व्रत में गणेश जी के साथ माता गौरी की पूजा की जाती हैं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार करवा चौथ व्रत कार्तिक कृष्ण चतुर्थी को रखा जाता है। व्रत रखने वाली महिलाएं करवा चौथ की रात चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं और उसकी पूजा करती हैं, उसके बाद ही पारण करके व्रत को पूरा किया जाता है। इस व्रत में चंद्रमा का महत्व है, इसलिए महिलाओं को करवा चौथ पर चांद के निकलने का बेसब्री से इंतजार रहता है।

करवा चौथ पर शाम के समय में गणेश, गौरी और शिव की पूजा करते हैं। इस दिन सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में पूजा होती है। इस साल करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5 बजकर 46 मिनट से शाम 7 बजकर 02 मिनट तक है। यानी कि करवा चौथ की पूजा के लिए 1 घंटा 18 मिनट का शुभ समय रहेगा। पूजा के बाद रात में चांद के निकलने की प्रतीक्षा रहेगी। महिलाएँ चंद्रमा के निकलने के बाद एक लोटे में जल भरकर उसमें सफेद फूल, कच्चा दूध और अक्षत डालकर फिर चंद्रमा को देखकर अर्घ्य देंगे, अर्घ्य के बाद चंद्र देव को प्रणाम कर अपने जीवनसाथी की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना करेंगे। चंद्रमा की कृपा से सुख और समृद्धि बढ़ती है, अर्घ्य के समय चंद्रमा को छन्नी से देखने के बाद पति अपनी पत्नी को मिठाई खिलाकर और पानी पिलाकर व्रत का पारण कराएंगे इससे व्रत पूर्ण हो जाएगा।






### पूजा सामग्री की दुकानें सज कर तैयार

करवा चौथ पर सुहागन महिलाएं सारा दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का समापन होगा। करवा चौथ व्रत में पूजा का विशेष महत्व होता है। कई महत्वपूर्ण नियमों के साथ पूजा की हर एक सामग्री पूजा करने के दौरान होनी चाहिए। इसके लिए शहर में जगह-जगह पूजा सामग्री की बिक्री हो रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः–7354–411411